शिवसेना व बनेवड़ा संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन

नसीराबाद,(निसं)। नसीराबाद-अजमेर-बनेवड़ा-रामसर रूट पर बंद पड़ी रोडवेज लोकल बस सेवा को शुरू कराने की मांग को लेकर शिवसेना और बनेवड़ा संघर्ष समिति ने एसडीएम कार्यालय में तहसीलदार को ज्ञापन दिया। समिति ने बताया कि पहले इस रूट पर नियमित बसें चलती थीं, लेकिन कई वर्षों से सेवा बंद है।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अंतरिति के मूल पट्टा गुम हो जाने पर लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी करने के क्रम में

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की की पृथ्वीराज नगर आवासीय योजना का भूखण्ड सं. डी 445, जो कि श्री अर्जुन मोतियानी पुत्र श्री नन्दलाल मोतियानी, कावडियों का मौहल्ला, भिनाय, अजमेर का क्रयशुदा भूखण्ड है व उक्त भूखण्ड जिसका नामांतण भी उनके नाम पर प्राधिकरण में दर्ज है यह कि उक्त भूखण्ड की मूल लीज डीड (पट्टा) कही गुम हो गयी है जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट-एल. आर. नं. 2977697/2025 दिनांक 04.12.2025 को उनके द्वारा दर्ज करवा दी गयी है। यह कि उक्त भूखण्ड के बाबत उनके द्वारा लीज होल्ड से फी होल्ट पट्टा जारी करवाने बाबत आवेदन किया गया है इस बाबत किसी को भी किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस में प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे अन्यथा उनके हक में फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा ।

- उपायुक्त (उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक : न.प.कि / नामान्तरण /2025/2289 आम सूचना दिनांक : 05/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा संख्या 26, 28, 35, 36. 41 के खुशी मार्बल सिटी ब्लॉक बी पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या बी-145-यी क्षेत्रफल 101.85 वर्गगज) श्री अजीत सिंह पुत्र श्री नाथू सिंह ने आवेदन प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड़ की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में- 30 फीट का रास्ता पश्चिम में- भूखण्ड संख्या बी-134
उत्तर में- भूखण्ड संख्या बी-145-ए दक्षिण में- भूखण्ड संख्या बी-146

अत: उक्त नामान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी। - प्रभारी,नगर परिषद, किशनगढ

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक :न.प.कि/SDRC/2025/2287 आम सूचना दिनांक : 05/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मोहनपुरा के खसरा संख्या 483/282,484/282,456/282 पर स्थित मोहनपुरा के आद्यौगिक भूखण्ड क्षेत्रफल 2689.16 वर्गमीटर पर श्री पटवारी ग्रेनाईट ने आवेदन प्रस्तुत कर एकीकरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड़ की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में- 40 फीट का रास्ता पश्चिम में- खसरा संख्या 280,279
उत्तर में- खसरा संख्या 578/483,577/584, 576/584,579/282 दक्षिण में- 610/483,612/484,613/ 485,611/282

अत: उक्त एकीकरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनाक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

- प्रभारी,नगर परिषद, किशनगढ

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक : न.प.कि / नामान्तरण /2025/2291 आम सूचना दिनांक : 05/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा संख्या 306 गोकुल विला मदनगंज किशनगढ़ पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या एफ 100 क्षेत्रफल 133.33 वर्गगज) श्रीमति नीतू कंवर पत्नि श्री अजीत सिंह ने आवेदन प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड़ की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में- 30 फीट का रास्ता पश्चिम में- भूखण्ड/विला संख्या 80
उत्तर में- भूखण्ड / विला संख्या 99 दक्षिण में- भूखण्ड/विला संख्या 100/101

अत: उक्त नामान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी। - प्रभारी,नगर परिषद, किशनगढ

कार्यालय ग्राम पंचायत सिरोंज पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक-ग्रा प सिरोंज /ई-निविदा/2025-26/139 दिनांक : 4/12/25

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या 04/2025-26

कार्यकारी संस्था ग्राम पंचायत सिरोंज पंचायत समिति अंराई में विधायक मद योजनान्तर्गत ग्राम सिरोंज ग्राम पंचायत सिरोंज में जुगलीपुरा रोड़ से राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुड़ियों की ढाणी की ओर सीसी रोड़, हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र में दिनांक : 05.12.2025 को प्रात : 9.30 बजे से दिनांक 15.12.2025 को सायं 06.00 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। NIB NO: ZAJ2526A1485 UBN is:-ZAJ2526WSRC01578 and Tender ID 2025_PRD_517415_1 उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

प्रशासक ग्राम पंचायत - सिरोंज पं. स.-अरॉई (अजमेर) | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत - सिरोंज पं. स.-अरॉई (अजमेर)

कार्यालय ग्राम पंचायत गोठ्यिाना पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक-ग्रा प गोठ्यिाना/ई-निविदा/2025-26/18 दिनांक : 2/12/25

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या 03/2025-26

कार्यकारी संस्था ग्राम पंचायत गोठ्यिाना पंचायत समिति अंराई में योजना का नाम पन्द्रहवीं वित्त आयोग के योजनान्तर्गत चरागाह में पौधारोपण हेतु तारबन्दी कार्य ग्राम गोठ्यिाना कार्य हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 03.12.2025 को प्रात : 9.30 बजे से दिनांक 08.12.2025 को सायं 06.00 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। NIB code ZAJ2526A1480, UBN is: ZAJ2526WSRC01575 उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

प्रशासक ग्राम पंचायत गोठ्यिानां पं. स.-अरॉई (अजमेर) | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत गोठ्यिानां पं. स.-अरॉई (अजमेर)

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.वि./भूमि/2025/4264 आपत्ति सूचना दिनांक : 14-10-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि पालिका/पैराफेरी क्षेत्र में निम्न आवेदक द्वारा अपने भूखण्डों/मकानों के पास स्थित अधिक/खांचा भूमि के नियमन करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 7 योम में नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

क.सं.	नाम आवेदक	क्षेत्र	क्षेत्रफल
1	ममताग्रो फुड प्राईवेट लिमिटेड जरिए डायरेक्टर श्री सुजीत सांखला पुत्र श्री उमरावसिंह सांखला, श्री सीताराम पाराशर पुत्र श्री ब्रिज मोहन, श्रीमती आशा सोनी पत्नी श्री तरूण कुमार	जैन कॉलोनी बरल द्वितीय के खसरा नम्बर 806 में भूखण्ड संख्या 17 के पूर्व दिशा की ओर स्थित खांचा भूमि।	132.86 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़ जिला - अजमेर (राज)

क्रमांक / नपकि / विकास / 2025 / 2382 दिनांक 28.11.2025

ई-निविदा सूचना संख्या - 25/2025-2026

नगर परिषद किशनगढ की ओर से नगर परिषद किशनगढ एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार निर्धारित श्रेणी सिविल कार्यो में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्रों में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया से ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 03.12.2025 को 04:00 पी.एम. से तथा प्राप्त करने की अन्तिम दिनांक 15.12.2025 को 06:00 पीएम तक एवं निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ व https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

यूबीएन नं. DLB2526A8632

आयुक्त नगर परिषद, किशनगढ़

राज.संवाद / सी / 25 / 15195

कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाडा (राजस्थान)

E-Mail ID-combgbp@yahoo.in npbgulabpura@gmail.com भीलवाडा रोड रोडवेज बस स्टेण्ड के पास Telephone No.01483-233079

क्रमांक / नपबगपु/कृषि भूमि/2025/ राजकाज रेफरेन्स नम्बर आपत्ति आमंत्रण सूचना दिनांक : शब्दों हस्ताक्षर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि नियमन के तहत् पट्टे प्राप्त किए जाने के लिए निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए है जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम खास / संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में लिखित रूप से आपतिकर्ता मय अपने दस्तावेजो के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपति दर्ज करवा सकते हैं। बाद मियाद आवेदक (अन्तिम क्रेता) के पक्ष में नियमन की कार्यवाही कर दी जावेगी। कृषि भूमि नियमन

क सं	ऑनलाईन आवेदन सं	दिनांक	नाम आवेदक	खसरा नं0	भूखण्ड संख्या	पडौस	साईज (स्क्वेयर मीटर में)
1.	320552	22.11.25	श्री परस राम बैरागी पुत्र श्री मोहन दास बैरागी, गुलाबपुरा	82/3	92	पूर्व- भूखण्ड संख्या 88 स्थित पश्चिम:- आम रास्ता 20 स्थित उत्तर-भूखण्ड संख्या 91 स्थित दक्षिण-भूखण्ड संख्या 93 स्थित	111.48
2	320559	22.11.25	श्री परस राम बैरागी पुत्र श्री मोहन दास बैरागी, गुलाबपुरा	82/1	09	पूर्व- रोड स्थित । पश्चिम-भूखण्ड संख्या 12 स्थित उत्तर- रोड स्थित । दक्षिण- भूखण्ड संख्या 10 स्थित	95.21
3	320562	22.11.25	श्री परस राम बैरागी पुत्र श्री मोहन दास बैरागी, गुलाबपुरा	82/3	80	पूर्व- आम रास्ता 20 स्थित पश्चिम- भूखण्ड संख्या 84 स्थित उत्तर- अन्य आराजी स्थित दक्षिण- भूखण्ड संख्या 81 स्थित	92.93
4	320564	22.11.25	श्रीमती तारा देवी पत्नि श्री कैलाश वैष्णव, गुलाबपुरा	82/3	93	पूर्व:- भूखण्ड संख्या 89 स्थित पश्चिम:- आम रास्ता 20 स्थित उत्तर- भूखण्ड संख्या 92 स्थित दक्षिण- भूखण्ड संख्या 94 स्थित	111.48
5	320565	22.11.25	श्रीमती तारा देवी पत्नि श्री कैलाश वैष्णव, गुलाबपुरा	82/3	11&14	पूर्व:- रोड स्थित पश्चिम:- रोड स्थित उत्तर-भूखण्ड सं. 10 व 13 स्थित दक्षिण- दिगर आराजी स्थित	248.14
6	320569	22.11.25	श्रीमती चन्ता देवी पत्नि श्री परस राम बैरागी, गुलाबपुरा	920	08&09	पूर्व:- अन्य आराजी स्थित पश्चिम: भूखण्ड सं. 07 स्थित उत्तर- भूखण्ड सं. 10 व 11 स्थित दक्षिण-आम रास्ता 30 फीट स्थित	232.25
7	320571	22.11.25	श्रीमती चन्ता देवी पत्नि श्री परस राम बैरागी, गुलाबपुरा	920	10&11	पूर्व:- अन्य आराजी स्थित पश्चिम- भूखण्ड सं.12 स्थित उत्तर-आम रास्ता 40 फीट स्थित दक्षिण- भूखण्ड सं. 7 व 8 स्थित	232.25

- (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका गुलाबपुरा

पंचायत राज एवं नगर निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर परिचर्चा

अजमेर, (निसं)। राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग के जन संवाद कार्यक्रम में पंचायत राज एवं नगर निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर विस्तृत परिचर्चा हुई। इस दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग से जुड़े व्यक्तियों ने अपने विचार रखे।

आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश मदन लाल भाटी ने बताया कि राजस्थान में अन्य पिछड़ा वर्ग की 96 जातियां निवास करती हैं। इनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व के सम्बन्ध में आंकड़े तैयार किए जा रहे हैं और विभिन्न स्तरों पर कार्य प्रगति पर है। सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए राज्यव्यापी सर्वे कराया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रगणक नियुक्त होंगे, जिनका प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जा रहा है। सर्वे प्रपत्र के 19 कॉलम में विस्तृत जानकारी ली जाएगी तथा प्रगणक एसएसओ आईडी के माध्यम से प्रत्येक सदस्य के सुझाव प्राप्त करेंगे। सर्वे के आधार पर तैयार सिफारिशों के अनुसार आगामी चुनावों की दिशा तय होगी। उन्होंने कहा कि आरक्षण के लिए कई मानक निर्धारित हैं, जिनमें जनसंख्या भी शामिल है।

> ■ उन्होंने कहा कि आरक्षण के लिए कई मानक निर्धारित हैं, जिनमें जनसंख्या भी शामिल है। जिन जातियों का प्रतिनिधित्व अब तक नगण्य रहा है, उन्हें समुचित अधिकार दिलाने का प्रयास किया जाएगा

जिन जातियों का प्रतिनिधित्व अब तक नगण्य रहा है, उन्हें समुचित अधिकार दिलाने का प्रयास किया जाएगा। आरक्षण का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए आयोग निरंतर कार्य कर रहा है। पंजीकृत राजनीतिक दलों से सुझाव मांगे गए हैं। कोई भी व्यक्ति अपने सुझाव डाक, व्यक्तिगत ज्ञापन या पोर्टल के माध्यम से दे सकता है, साथ ही मौखिक रूप से भी सुझाव दर्ज कराए जा सकते हैं। आयोग के सचिव अशोक कुमार जैन ने कहा कि न्यायालय द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग को उचित आरक्षण दिए जाने संबंधी तीन महत्वपूर्ण निर्णय दिए गए हैं। इनकी पालना के लिए आयोग अनुभवजन्य आंकड़े जुटा रहा है तथा प्रत्येक निकाय के लिए पृथक-पृथक निर्देश जारी किए जाएंगे।

परिचर्चा के दौरान जिला परिषद उप जिला प्रमुख हगामी लाल चौधरी ने जनसंख्या के अनुपात में तीन श्रेणियां बनाने का सुझाव दिया। पूर्व जिला प्रमुख पुखराज पहाडिय़ा ने क्रिमीलेयर का प्रावधान कठोरता से लागू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अति पिछड़ा, मध्यम पिछड़ा और पिछड़ा वर्ग की श्रेणियां बनाए जाने से कमजोर तबकों को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। कृषि भूमि की सीमा तय होने से भूमिहीन और मजदूर वर्ग को लाभ मिलेगा। पूर्व महापौर धर्मेंद्र गहलोत ने आरक्षण में भी उप-आरक्षण लागू करने का सुझाव रखा। पूर्व उप महापौर संपत सांखला ने जातिगत जनगणना के आधार पर छोटी जातियों को प्रतिनिधित्व देने की बात कही। जिला परिषद सदस्य दिलीप पचार ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के संवैधानिक प्रावधानों के लिए आयोग अनुशंसा करे तथा डूंगरपुर-बांसवाड़ा की तर्ज पर आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक किया जाए। पार्षद रजनीश चौहान ने ओबीसी वर्ग को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने की मांग की। राधेश्याम प्रजापत गुढ़ा ने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में बड़ी जातियों को अधिक प्रतिनिधित्व का लाभ मिला है। रणवीर सिंह रावणा (राजपूत नागौर) ने आरक्षण में उप-वर्गीकरण तथा टीएसपी क्षेत्र में भी ओबीसी को आरक्षण दिए जाने की आवश्यकता बताई। बाल मुकुंद ने भी कमजोर वर्गों को अधिक प्रतिनिधित्व देने की बात कही। अर्जुन नलिया ने आयोग से छोटी जातियों के प्रतिनिधिमंडल बुलाकर वार्ता करने की मांग की। ज्ञान सिंह रावत ने रावत समाज को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की बात कही। जिला परिषद सदस्य श्रवण सिंह रावत ने कहा कि मीणा जाति की उपाधि प्राप्त रावत समुदाय मीणाओं के साथ रिश्तेदारी करता है, इसलिए उसे समान दर्जा मिलना चाहिए। नरेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि नगण्य राजनीतिक प्रतिनिधित्व के कारण मंदिरों की भूमि पर दबंग लोगों द्वारा कब्जे की घटनाएं हो रही हैं। अरूणा टाक ने ओबीसी महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम में आयोग के सदस्य गोपाल कृष्ण, प्रो. राजीव सक्सेना, मोहन मोरवाल, पवन मंडाविया, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, जिला अध्यक्ष जीतमल प्रजापत, अतिरिक्त जिला कलेक्टर नरेन्द्र कुमार मीणा, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवदान सिंह सहित विभिन्न जातियों के प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

अजमेर, (कास)। महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में आयोजित विश्वविद्यालय स्तर की खेल प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन कुलगुरु प्रोफेसर सुरेश कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में खेलों को समग्र शिक्षा का अभिन्न अंग बताते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 पर जोर दिया, जिसमें माइंड, बॉडी और सोल के समुचित विकास पर बल दिया गया है कुलगुरु ने कहा कि अब तक पाठ्यक्रम पर अधिक ध्यान रहा, जबकि अतिरिक्त गतिविधियां उपेक्षित रहीं।

उन्होंने शरीर के विकास को बौद्धिक व मानसिक प्रगति का आधार बताते हुए खेलों की समावेशी प्रकृति पर प्रकाश डाला, जो व्यक्तियों को एकजुट कर धरातल पर उतरना सिखाती है उन्होंने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि बचपन में खेलों ने सभी वर्गों के बच्चों को एक परिवार की तरह जोड़ा था। महापुरुषों के जीवन से खेलों के महत्व का उल्लेख करते हुए कुलपति ने सभी प्रतिभागी टीमों को खेल भावना से प्रतिस्पर्धा करने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कुल सचिव कैलाश चंद शर्मा प्रोफेसर सुभाष चंद्र प्रो प्रवीण माथुर तपेश्वर कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

उप जिला चिकित्सालय का जिला कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

मसूदा, (निसं)। जिला कलेक्टर कमल राम मीणा द्वारा मसूदा उपजिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया । जिला कलेक्टर शुक्रवार को मसूदा उपजिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की सुविधाओं, स्वच्छता, और मरीजों को दी जा रही सेवाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के प्रमुख बिंदु:स्वच्छता और सुविधाएं अस्पताल की साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया गया। निर्देश दिए गए कि स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। मेडिकल स्टॉक दवाओं और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता की जांच की गई, कमी पाए जाने पर तत्काल पूर्ति के निर्देश दिए।

मरीजों की देखभाल मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और चिकित्सकों को बेहतर सेवा देने के निर्देश दिए। ओपीडी और आईपीडी सेवाएंङ: ओपीडी और आईपीडी में मरीजों के लिए लंबित मामलों को जल्द निपटाने के लिए कहा गया।डीएम ने कहा, 'हमारा उद्देश्य अस्पताल में मरीजों को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करना है। मौके पर उपखंड अधिकारी मसूदा दीपशिखा एवं सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मरीजों के प्रति संवेदनशील रहें। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी मसूदा दीपशिखा तहसीलदार मसूदा रामकिशोर, पीएमओ, अस्पताल अधीक्षक और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

> ■ निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की सुविधाओं, स्वच्छता, और मरीजों को दी जा रही सेवाओं का गहन अवलोकन किया

आज से होगा गुलाबबाड़ी फाटक बंद, आरओबी निर्माण फिर से शुरू

अजमेर, (निसं)। शहर के व्यस्ततम मार्गों में से एक गुलाबबाड़ी रेल फाटक शनिवार से स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। पांच वर्षों से अटके रेल ओवर ब्रिज निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। निर्माण एजेंसी आरएसआरडीसीएल एवं रेलवे प्रशासन ने निर्माण कार्य को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली है।

फाटक बंद होने के साथ ही रोजाना 50 हजार से अधिक आवागमन करने वाले राहगीरों व वाहनों के लिए मार्ग बदल गया है। अब ट्रैफिक एकता नगर से होकर गुजरेगा। उक्त मार्ग अपनी खराब स्थिति के कारण उपयोग के लिहाज से अनुकूल नहीं था, जिला प्रशासन ने फाटक बंद होने से पहले इसे सुधारने का आदेश दिया।

कलेक्टर लोक बंधु के निर्देश पर शुक्रवार को एकता नगर मार्ग की मरम्मत कार्य आरंभ किया गाया। ताकि शनिवार से ट्रैफिक सुचारू रूप से डायवर्ट हो सके। निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि रेलवे प्रशासन से आवश्यक एनओसी प्राप्त हो चुकी है।

> ■ यातायात पुलिस जुटी ट्रैफिक डायवर्ट में

12 दिसंबर से होगा निर्माण कार्य शुरू : 12 दिसंबर से मुख्य निर्माण कार्य शुरू होगा। पहले रेलवे पटरियों के नीचे अंडरपास के लिए खुदाई की जाएगी। इस दौरान 50 भारी-भरकम कन्वर्ट बॉक्स पटरियों के नीचे स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए विशेष क्रेन अजमेर पहुंच चुकी है। प्रोजेक्ट के अनुसार आरयूबी कार्य पूरा होने और ट्रैफिक पुन: आरंभ होने के बाद ही आरओबी निर्माण आरंभ किया जाएगा। रेलवे ने 12 दिसंबर को ब्लॉक टाइम (रेल पटरियों को अस्थायी रूप से बंद करने का समय) तय किया है। इसके अलावा फाटक के पास से गुजर रही भूमिगत केबलों को भी शिफ्ट करने का काम शुरू कर दिया गया है।

अप्रैल 2026 तक पूरा होना है निर्माण पूर्ण : आरएसआरडीसी 12 दिसंबर से आरयूबी अंडरपास निर्माण का काम शुरू करेगा। आरयूबी के लिए रेल लाइन के नीचे खुदाई कर 50 कन्वर्ट बॉक्स डाले जाएंगे। क्रेन के जरिए इन ब्लॉक को रेल लाइन के नीचे डाला जाएगा। इसके साथ ही आरओबी का निर्माण भी शुरू होगा। ब्रिज के लिए 3 पीयर्स बनाए जाएंगे जिसमें दो अजमेर शहर की ओर, जबकि एक का निर्माण मदार की ओर होगा। निर्माण कार्य अप्रैल 2026 में पूरा होगा।

रक्त दान शिविर का आयोजन

भीलवाड़ा (निसं)। भारत विकास परिसद महाराणा प्रताप शाखा लधु उद्योग भारती व एचडीएफसी बैंक के सयुंक्त तत्वाधान मे रक्त दान शिविर का आयोजन सुल्जटेक्स स्पेयर्स प्राइवेट लि.रीको मे रखा जिसमे 133 यूनिट रक्त संठाह हुआ अभी केम्प लगाने का उद्देश्य यह सभी ब्लड बैक मे रक्त कमी को पूरा करना कार्यक्रम का सुबह 9बजेआरम्भ प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, विधायक अशोक कोठरी, नगर निगम महापौर राकेश पाठक ने किया। संजीव चिरानिया, शंभू लाल काबरा, कमलेश जैन, सुरेश कोगटा, अजय मून्दड़ा, प्रेम नारायण मिश्रा, सतीश बोहरा, हरि प्रसाद राठी, विकास पाटनी रोहित जैन मयंक शर्मा, नवीन झंवर, लक्ष्मी लाल शर्मा, महेश मेहता, महेश जाजू, घनश्याम नंदवाना, शैलेंद्र संचेती, अभय खजांची आदि सदस्य उपस्तित थे। इस शिविर मे अभय खजाची व उनकी टीम का विशेप सहयोग रहा जिसमें रक्त संग्रह के लिए केशव पौरवाल हॉस्पिटल, एम.जी. हॉस्पिटल, अरिहंत हॉस्पिटल, रामसनेही चिकित्सा ब्लड बैंक का विशेष सहयोग रहा।

जिला कलेक्टर, यूआईटी सचिव और एएसपी ने लिया जायजा

भीलवाड़ा(निसं)। यातायात को सुगम बनाने और रेलवे ओवरब्रिज पर वाहनों के दबाव को कम करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन तिराहे से जोधडास तक बहुप्रतीक्षित 100 फीट सड़क चौड़ीकरण के कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु, नगर विकास न्यास (यूआईटी) सचिव ललित गोयल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) पारस जैन के साथ विधायक टीम के सदस्यों ने संयुक्त रूप से मौका मुआयना किया। जिला कलेक्टर संधू ने सड़क चौड़ीकरण कार्य में आ रही बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर, न्यास सचिव और एएसपी के साथ ही विधायक अशोक कोठारी की टीम के सदस्यों ने प्रथम चरण में मेवाड़ मिल तिराहे से लेकर पांडु नाले तक प्रस्तावित 100 फीट सड़क चौड़ीकरण के विभिन्न हिस्सों जिसमें विशेष रूप से पुलिस लाइन से पांडु नाले तक के क्षेत्र का जायजा लिया। जिला कलेक्टर संधू ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य त्वरित गति से किया जाए ताकि शहर के नागरिकों को यातायात में सुविधा हो और ओवरब्रिज पर वाहनों का दबाव कम हो सके।

मुख्य सड़क मार्ग से एडीए ने हटाया अतिक्रमण

अजमेर (कास)। अजमेर विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को विज्ञान नगर फाटक से आगे एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है जानकारी के अनुसार विज्ञान नगर फाटक से आगे मुख्य सड़क पर लगभग 50 वर्षों से पुरानी बाड एवं मार्गधिकार में आ रहे पक्के निर्माणों को हटाया गया है। मौके पर 500 मीटर पर से अतिक्रमण को हटाया गया। मौके पर दुर्घटना जोन बने एक बॉटल नेक पॉइंट पर 60 मीटर लंबी पुरानी बाढड को हटाकर मार्गधिकार को 12 मीटर चौड़ा किया गया साथ ही मौके से 5 रैंप, 10 तीन शेड और एक स्थाई अतिक्रमण को हटाया गया है। मौके पर मार्ग अधिकार को चौड़ा कर राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में लंबित सिविल रीट संख्या 17725/ 2024 जितेंद्र कुमार राजस्थान सरकार के पारित आदेश 11 नवम्बर की पालना की गई है इस दौरान एडीए के कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

आवारा श्वानों का आतंक, केसरगंज में राहगीर दहशत में

अजमेर, (निसं)। केसरगंज आर्य समाज मार्ग क्षेत्र में आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या ने स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। श्वान राहगीरों का पीछा करते हैं, उन पर झपटना और काटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे नागरिक विशेष रूप से बच्चे, महिलाएं और वरिष्ठजन भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी विकास अग्रवाल ने समस्या को लेकर राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि मौके पर श्वानों का झुंड घूमता रहता है और राहगीरों का पीछा कर उन्हें घायल करने का प्रयास करता है। कई बार वाहन चालक गिरने से उनके चोटें आई हैं। मंदिरों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों के बाहर इन श्वानों का जमावड़ा बना रहता है, जिससे क्षेत्रवासियों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। अजमेर शहर व्यापार महासंघ के प्रवक्ता कमल गंगवाल ने बताया कि इस क्षेत्र में हुए हमलों के कारण कई लोगों को रेबीज टीकाकरण करवाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो स्थिति बेहद गंभीर रूप ले सकती है। अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में भी कई शिकायतें की गई।

> ■ शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

लोक सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती आशा मित्तल की ग्राम किरानीपुरा के खसरा नम्बर... 95 ..भूखण्ड संख्या.. क्षेत्रफल 180 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। में उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अत: किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

-उपायुक्त (उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर


श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
GOV